# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक- 26 मार्च, 2024** **थाना खुर्जा देहात**

## 01 शातिर बदमाश गिरफ्तार, कब्जे/निशादेही से भारी मात्रा में अवैध शस्त्र, कारतूस बरामद।

जनपद में अपराध व अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 25/26.03.2024 की रात्रि में थाना खुर्जा देहात पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर ग्राम कलाखुरी शिव मन्दिर के पास से 01 अभियुक्त को एक पिस्टल 32 बोर मय एक कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर ग्राम कलाखुरी से बाहनपुर वाले रास्ते पर प्राइमरी पाठशाला स्कूल के पास झाडियो में ईटों के ढेर के नीचे दबे प्लास्टिक के कट्टे से भारी मात्रा में अवैध शस्त्र, कारतूस बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खुर्जा देहात पर मुअसं- 85/2024 धारा 5/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. जितेन्द्र शर्मा उर्फ जीतू पुत्र बृजमोहन निवासी ग्राम कलाखुरी थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी-**

1- 01 पिस्टल 32 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस
2- 13 तमंचे 315 बोर मय 04 जिन्दा कारतूस
3- 05 तमंचे 12 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस
4- 01 पोनिया 12 बोर

**गिरफ्तार अभियुक्त जितन्द्र उर्फ जीतू का आपराधिक इतिहास -**

1. मुअसं- 72/19 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं- 291/20 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।
3. मुअसं- 552/21 धारा 147/148/323/325 भादवि थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।
4. मुअसं- 15/24 धारा 354/452 भादवि थाना जहांगीरपुर जनपद बुलन्दशहर।
5. मुअसं- 61/24 धारा 3/5/25 शस्त्र अधि0 थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर।
6. मुअसं- 85/24 धारा 5/25 शस्त्र अधि0 थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि उनके द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर अवैध शस्त्र खरीदकर महंगे दामों मे आस-पास के क्षेत्र मे बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जाता है। अभियुक्त थाना पहासू पर पंजीकृत मुअसं- 61/24 धारा 3/5/25 शस्त्र अधि0 में भी वांछित चल रहा था।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. श्री राहुल कुमार थाना प्रभारी खुर्जा देहात
2. व0उ0नि0 दलसिंह, उ0नि0 रविन्द्र कुमार
3. है0का0 सौरभ मलिक, का0 जयन्ती प्रसाद

**मीडिया सेल बुलंदशहर**